# अपने इंटरनेट की स्पीड बढ़ाएं

**आपके इंटरनेट सेटअप को बेहतर बनाना, गति और अनुभव में बड़ा अंतर ला सकता है। हमारे सुझावों को अगले पेज पर पढ़ें, ताकि आप अपने nbn® कनेक्शन का अधिकतम लाभ उठा सकें।**

**ध्यान रखें:** आपका इंटरनेट सेटअप, आपके संपूर्ण इंटरनेट अनुभव का केवल एक हिस्सा है। nbn नेटवर्क पर आपका अनुभव अन्य कारकों पर भी निर्भर कर सकता है, जैसे कि आपकी nbn टेक्नोलॉजी और क्या आप इंटरनेट का उपयोग व्यस्त समय में कर रहे हैं। सैटेलाइट ग्राहकों को लेटेंसी का अनुभव हो सकता है।

अगर आपने इस गाइड में बताए गए संकेतों और सुझावों को आज़माया है और उसके बाद भी आप अपने nbn अनुभव से संतुष्ट नहीं हैं, तो हम आपको सलाह देंगे कि समस्या के समाधान के लिए अपने प्रदाता से बात करें।



# बेहतर इंटरनेट सेटअप के साथ अपने nbn कनेक्शन का पूरा लाभ उठाएं।

1 Wi-Fi सिग्नल कवरेज बेहतर करने के लिए, अपना Wi-Fi राउटर किसी खुले और साफ़ जगह पर रखें, जो उस स्थान के पास हो जहां आप इंटरनेट सबसे ज़्यादा इस्तेमाल करते हैं।

2 अगर आपका Wi-Fi राउटर पाँच साल से पुराना है, तो आपको यह देखना चाहिए कि आपका इंटरनेट सेटअप अब भी आपकी ज़रूरतों के अनुसार है या नहीं। आपके राउटर की Wi-Fi जनरेशन आपके nbn प्लान पर मिलने वाली स्पीड को प्रभावित कर सकती है। अधिक जानकारी के लिए अपने इंटरनेट प्रदाता से संपर्क करें।

3 अगर आप किसी बड़े परिसर में रहते या काम करते हैं, तो अपने Wi-Fi सिग्नल को मज़बूत करने के लिए वायर्ड कनेक्शन का उपयोग करने या एक मेश नेटवर्क इंस्टॉल करने पर विचार कर सकते हैं।

4 आपके कनेक्ट किए हुए डिवाइस की उम्र और उसके स्पेसिफिकेशन आपके ऑनलाइन अनुभव को प्रभावित कर सकते हैं। टेबल देखें और अपने डिवाइस की उम्र जांचे, ताकि पता चल सके कि उसकी Wi-Fi जनरेशन आपके मौजूदा nbn स्पीड प्लान के लिए उपयुक्त है या नहीं।

| Wi-Fi जनरेशन | टिपिकल अधिकतम Wi-Fi स्पीड | अनुमानित रिलीज़ वर्ष |
|---|---|---|
| **Wi-Fi 7** (802.11be) | 1000Mbps से अधिक | 2024 |
| **Wi-Fi 6** (802.11ax) | 1000Mbps तक | 2019 |
| **Wi-Fi 5** (802.11ac) | 500Mbps तक | 2013 |
| **Wi-Fi 4** (802.11n) | 100Mbps तक | 2009 |

**महत्वपूर्ण**: यह टेबल केवल मार्गदर्शन के लिए है। डिवाइस की क्षमताएं आपके इंटरनेट प्रदाता या निर्माता के अनुसार बदल सकती हैं।
हम आपको सलाह देते हैं कि अपने Wi-Fi राउटर और nbn प्लान के प्रदर्शन के बारे में आप अपने इंटरनेट प्रदाता से बात करें।

और जानना चाहते हैं?
QR कोड स्कैन करें या
**nbn.com.au/optimise**
पर जाएं, जहां आपको उपयोगी संकेत और टिप्स मिलेंगे।

For help in other languages:
हिन्दी - nbn.com.au/**hindi**
简体中文 - nbn.com.au/**mandarin**
العربية - nbn.com.au/**arabic**
Tiếng Việt - nbn.com.au/**vietnamese**

© 2025 nbn co ltd. ‘nbn’, और nbn लोगो nbn co ltd के ट्रेडमार्क या पंजीकृत ट्रेडमार्क हैं | ABN 86 136 533 741.

25-R-T-291 v1